# कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## दन्तेवाड़ा, जिला दन्तेवाड़ा (छ०ग०) 494449
Email – govt.dpgc.dantewada@gmail.com


क्रमांक / 533 / स्था. / ज.भा.स. / 2025 दन्तेवाड़ा, दिनांक 21 / 08 / 2025

**/ /अतिथि व्याख्याता (ज.भा.स.) द्वारा अध्यापन हेतु आवेदन पत्र का आमंत्रण/ /**

शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दन्तेवाड़ा, जिला– दक्षिण दन्तेवाड़ा (छ.ग.) में जनभागीदारी मद से अधोलिखित विषय हेतु अतिथि व्याख्याता (ज.भा.स.) के पद पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 28.08.2025 सायं 05:30 बजे तक आवेदन पत्र पंजीकृत डाक अथवा स्वंय महाविद्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर जमा कर सकते है। ई–मेल से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। चयन प्रक्रिया का सम्पादन अतिथि व्याख्याता नीति– 2024 के परिपालन में किया जायेगा। रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है। –

| क्रमांक | विषय | रिक्त पद | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 01 | – |

**नियम व शर्ते –**

1. अतिथि व्याख्याता (ज.भा.स.) के रूप में कार्य करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली व उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन रायपुर द्वारा निर्धारित योग्यताएं मान्य होगी, एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार मेरिट सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. चयनित उम्मीदवार के विरूद्ध पुलिस या न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण लंबित न हो तथा वह किसी अन्य शासकीय/अशासकीय सेवा में न हो इस बाबत शपथ पत्र कार्यभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत करना होगा।
3. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, जाति/निवास एवं अन्य प्रमाण–पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. चयनित उम्मीदवार को महाविद्यालय में अध्ययन अध्यापन कार्य के अतिरिक्त यथा प्रवेश, परीक्षा छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीड़ा गतिविधियां, युवा उत्सव आतंरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन नैक मूल्यांकन संबंधी कार्य करना होगा।
5. वरीयता क्रम निम्नानुसार होगा–
   **श्रेणी – 1 –संबंधित विषय में पी–एच.डी**
   **श्रेणी – 2 –नेट/सेट**
   **श्रेणी – 3 –संबंधित विषय में एम.फिल**
6. संबंधित अतिथि व्याख्याता (ज.भा.स.) को एकमुश्त मानदेय 10000/– रूपये (दस हजार रू.मात्र) देय होगा।
7. अतिथि व्याख्याता (ज.भा.स.) के लिए आमंत्रण भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।

प्र. प्राचार्य
शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / /स्था. / जन.भा.स. / 2025 दन्तेवाड़ा, दिनांक / 08 / 2025

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा, संचालनालय, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कोषालय अधिकारी, जिला–दन्तेवाड़ा की ओर सादर सूचनार्थ।
3. प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय ......दन्तेवाड़ा......की सूचना पटल में चस्पा हेतु सूचनार्थ।
4. ज.भा.स. फाईल।

प्र. प्राचार्य
शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा (छ.ग.)